# FIRST INFORMATION REPORT

**(Under Section 154 Cr.P.C.)**

(प्रथम सूचना रिपोर्ट)

(धारा **154** दंड प्रक्रिया सहिंता के तहत )

1. **District (ज़िला):** STATE VIGILANCE AND **P.S.(थाना):** SHIMLA **Year(वर्ष):** 2024
   **FIR No(प्र.सू.रि.सं.):** 0003 **Date & Time of FIR (एफआईआर की तिथि / समय):** 01/03/2024 09:30 AM

2. 

| S.No.(क्र. | Acts(अधिनियम ) | Sections(धारा(ऐं)) |
|---|---|---|
| 1 | PREVENTION OF CORRUPTION ACT, 1988 | 7 |

3. (a) **Occurrence of offence (अपराध की घटना):**
   1. **Day(दिन):** **Date From(दिनांक से):** **Date To(दिनांक तक):**
      **Time Period (समय अवधि):** **Time From (समय से):** **Time To (समय तक):**

   (b) **Information received at P.S.(थाना जहां सूचना प्राप्त हुई ):** **Date(दिनांक):** 28/02/2024 **Time (समय):** 11:00 AM
   (c) **General Diary Reference (रोजानामचा संदर्भ):** **Entry No.(प्रविष्टि सं.):** 006 **Time (समय):** 01/03/2024 08:45 AM

4. **Type of Information (सूचना का प्रकार):** Written

5. **Place of Occurrence (घटनास्थल ):**
   1. (a) **Direction and distance from P.S (थाना से दूरी और दिशा):** WEST, 28 Km(s) **Beat No(बीट सं.)**
      (b) **Address(पता):** Dhami , Shimla
      (c) **In case, outside the limit of this Police Station, then (यदि थाना सीमा के बाहर हैं तो)**
      **Name of P.S(थाना का नाम):** SHIMLA WEST **District(State)(ज़िला(राज्य)):** SHIMLA(HIMACHAL PRADESH)

6. **Complainant / Informant (शिकायतकर्ता/सूचनाकर्ता ):**
   (a) **Name(नाम):** Ramesh Chand
   (b) **Father's Name (पिता का नाम):** Lt Sh Ram Pratap
   (c) **Date/Year of Birth (जन्म तिथि /वर्ष):** 1976 **(d) Nationality (राष्ट्रीयता):** INDIA
   (e) **UID No (यूआईडी सं.):**
   (f) **Passport No. (पासपोर्ट सं.):**
   **Date of Issue (जारी करने की तिथि ):** **Place of Issue (जारी करने का स्थान):**
   (g) **Id details (Ration Card, Voter ID Card, Passport, UID No., Driving License, PAN )(पहचान विवरण(राशन कार्ड,मतदाता पहचान पत्र, पारपत्र,आधार कार्ड सं.,ड्रायविग लायसेंस,पैन)):**

| S.No. | Id Type(पहचान पत्र का प्रकार) | Id Number(पहचान संख्या) |
|---|---|---|

   (h) **Occupation (व्यवसाय):**
   (i) **Address(पता):**

| S.No. (क्र. सं.) | Address Type (पता का प्रकार) | Address (पता) |
|---|---|---|
| 1 | **Present Address** | VILLAGE-Village Khadaun Po Kohbag , TEHSIL-Sub teh Dhami , PS-SHIMLA WEST, DISTRICT-SHIMLA, STATE-HIMACHAL PRADESH, INDIA |
| 2 | **Permanent Address** | VILLAGE-Village Khadaun Po Kohbag , TEHSIL-Sub teh Dhami , PS:SHIMLA WEST, DISTRICT-SHIMLA, STATE-HIMACHAL PRADESH, INDIA |

   (j) **Phone number (दूरभाष न.):** **Mobile (मोबाइल न.):**

7. **Details of known/suspected/unknown accused with full particulars (ज्ञात/ संदिग्ध /अज्ञात अभियुक्त का पुरे विवरण सहित वर्णन ):**
   **Accused More Than (अज्ञात आरोपी एक से अधिक हों तो संख्या):**

| S.No. (क्र.सं.) | Name (नाम) | Relative's Name (रिश्तेदार का नाम) | Present Address (वर्तमान पता) | Parmanent Address (स्थाई पता) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Harish Kumar Sharma | | VILLAGE-A.P Kanungo Kanungo Circle,TEHSIL-Dhami Shimla ,PS-SHIMLA WEST,DISTRICT-SHIMLA, | VILLAGE-A.P Kanungo Kanungo Circle,TEHSIL-Dhami Shimla ,PS-SHIMLA WEST,DISTRICT-SHIMLA, |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | STATE-HIMACHAL PRADESH,INDIA | STATE-HIMACHAL PRADESH,INDIA |

**8. Reasons for delay in reporting by the complainant/informant** (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता द्वारा रिपोर्ट देरी से दर्ज कराने के कारण)**:**

**9. Particulars of properties of interest (Attach separate sheet, if necessary)** (संबन्धित सम्पत्ति का विवरण (यदि आवश्यक हो, तो अलग पृष्ट नत्थी करें))**:**

| **S.No.** (क्र.सं.) | **Property Category** (संपत्ति श्रेणी) | **Property Type** (सम्पत्ती के प्रकार) | **Nature Property** (प्रकृति संपत्ति) | **Description** (विवरण) | **Value(In Rs/-)** (मूल्य (रु में)) |
|---|---|---|---|---|---|

**10.Total value of property stolen (In Rs/-)** (चोरी हुई सम्पत्ति का कुल मूल्य (रु में) )**:**

**11.Inquest Report / U.D. case No., if any** (मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट / यू०डी०प्रकरण न०, यदि कोई हो )**:**

| **S.No.** (क्र.सं.) | **UIDB Number** (यू.आई.डी.बी.संख्या) |
|---|---|

**12.First Information contents (Attach separate sheet, if necessary)** (प्रथम सूचना तथ्य (यदि आवश्यक हो, तो अलग पृष्ट नत्थी करें))**:**

At this time a complaint Diary No.336 dated 28-02-2024, along with preliminary verification report dated 01-03-2024 of Inspector Pratap Singh, E/O PS, SV&ACB Shimla, has been received in this BH Police Station for registration of criminal case, The contents of the verification report is as under :- सेवा में, प्रभारी थाना रा. स. एवं भ्र. रोधी ब्युरो,शिमला, जिला शिमला (हि. प्र.) विषयः- प्रारम्भिक सत्यापन रिपोर्ट शिकायत पत्र डायरी सख्यां 336 दिनांक 28.02.2024 महोदय, राजकीय कार्य के संदर्भ में निवेदन है कि शिकायत पत्र डायरी संख्या ¬¬336 दिनांक 28.02.2024 तस्दीक हेतु प्रभारी, PS, SV&ACB शिमला द्वारा मन निरीक्षक को सौंपा गया था। शिकायतपत्र में शिकायतकर्ता श्री रमेश चन्द पुत्र स्व. श्री राम प्रताप निवासी गांव खडाऊं डा. कोहवाग उप तहसील धामी, जिला शिमला हि0प्र0 द्वारा श्री हरीष कुमार, कानूनगो, कानूनगो सर्कल धामी के द्वारा अपने पुत्र अमित व सुमित के नाम गाँव पट्टा में खरीदी जमीन के इन्तकाल चढ़ाने की एवज में रिश्वत की मांग करने बारे आरोप लगाए हैं, शिकायतपत्र का मजबून जैल हैः- मैं रमेश चन्द पुत्र स्व. श्री राम प्रताप गांव खडाऊं डा. कोहवाग Sub त. धामी शिमला का स्थाई निवासी हूं। मैनें अपने बेटे अमित व सुमित के नाम पर माह फरवरी 2024 को गावं पट्टा डाकखाना कोहवाग sub त. धामी के निवासी श्री हरीदास से (करीब 1 विघा) के आसपास जमीन खरीदी है । मेरे बेटे के नाम खरीदी जमीन का इन्तकाल पटवार सर्कल कोहबाग है। sub त. धामी से आज दिनाक 28-02-2024 को इन्तकाल हो चुका है । लेकिन मुझे अभी तक इन्तकाल से संबंधित कोई कागजात नहीं मिले है। आज दिनांक 28-02-2024 को मेरे मुबाईल नम्बर 85805-94403 पर हरीष कुमार कानूनगो धामी ने मोबाईल न0 85809-52668 से मुझे फोन करके कहा कि आप आज जमीन मालिक के साथ धामी त0 आ जाओ । मैंने आज सुबह अपने दोनो बेटों अमित व सुमित को धामी भेजा था जहाँ पर हरीष कुमार ने मेरे बेटे अमित से 5000/-पांच हजार गुगल पे. से तथा आठ हजार (8000) रु0 नगद ले लिए हैं । जिसके बारे में मुझे फोन पर मेरे बेटे अमित ने बताया । उसके बाद हरीष कुमार कानूनगो ने मुझे फोन करके कहा कि आपसे 50,000 पचास हजार रुपये की बात हुई थी इन्तकाल के लिए, उसमें से मुझे 13000/-तेरह हजार रुपये मिल गये है। बाकि राशी बकाया है। जिसकी रिकोडिग मेरे फोन में Save है । मुझे कानूनगो हरीष कुमार द्वारा प्रताडित/परेशान किया जा रहा है । मैं उसे रिश्वत के पैसे नहीं देना चाहता हूँ। हरीष कुमार (कानूनगो) सर्कल धामी के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करें । उपरोक्त शिकायत पत्र की तस्दीक मन निरीक्षक द्वारा अमल में लाई गई । दौराने तस्दीक पाया गया कि शिकायतकर्ता श्री रमेश चन्द उपरोक्त एक कृषक है तथा इसने अपने दोनों बेटे अमित व सुमित के नाम पर गाँव पट्टा मैहली डा0 कोहबाग में करीव एक बीघा जमीन हाल ही में खरीद की है जिसका इन्तकाल उप तैहसील धामी में पटवार सर्कल कोहबाग द्वारा हो चुका है परन्तु शिकायतकर्ता को इस बारे में किसी प्रकार का कोई कागज नहीं मिला है तथा आरोपी हरीष कुमार कानूनगो द्वारा शिकायतकर्ता से इन्तकाल की एवज में कमीशन के रुप में कुल मुवलिक 50,000/- रुपयों की रिश्वत की मांग करना बतलाई जा रही है। शिकायतपत्र का सत्यापन/तस्दीक मैंने गुप्त तौर पर किया तथा सत्यापन/तस्दीक के दौरान शिकायतकर्ता को सोनी का सरकारी वाईस रिकार्डर मय मैमौरी कार्ड 16GB मार्का ADATA दिया गया था तथा उसके भली-भांति प्रयोग करने के बारे में समझाया गया था, कि रिश्वत के रुपये मांगने वाले संदिग्ध व्यक्ति के पास जाकर आपसी वार्तालाप व पैसों के लेन-देन की इसमें रिकार्डिंग करे। जिस पर शिकायतकर्ता ने दिए गए सरकारी Voice Recorder में संदिग्ध व्यक्ति हरीष कुमार के साथ वार्तालाप की तथा वायस रिकार्डर को मय मैमोरी कार्ड के मुझे सौंपा । दौराने प्राम्भिक जांच रिकार्डर में शिकायतकर्ता के द्वारा की गई रिकार्डिंग को मैंने शिकायतकर्ता के सामने सुना । शिकायतकर्ता रमेश चन्द ने अपने व संदिग्ध के बीच हुई वार्तालाप की पुष्टी की। Voice Recorder के मैमोरी कार्ड 16GB में रिकार्ड वार्तालाप को सुनने पर पाया कि संदिग्ध हरीष कुमार कानूनगो उप तहसील धामी साफ तौर पर शिकायतकर्ता रमेश चन्द से, 50,000/- कि मांग कर रहा है तथा 5 हजार व 8 हजार रू0 प्राप्त करने की भी पुष्टि कर रहा है तथा कह रहा है कि बाकी राशि बकाया है । जो शिकायत पत्र में शिकायतकर्ता रमेश चन्द द्वारा संदिग्ध हरीष कुमार के

खिलाफ लगाए गए रिश्वत की मांग सम्बन्धी आरोपों की पुष्टि होना पाई जा रही है । इसके अतिरिक्त SBI बैंक खलीणी से भी खुफिया तौर पर सदिंग्ध श्री हरीश शर्मा के खाता सख्यां 31654011611 के बारा सरसरी जांच की गई है जो तस्दीक पर पाया कि सदिंग्ध के खाता सख्यां 31654011611 में दिनांक 28-02-2024 को शिकायतकर्ता के बेटे अमित शर्मा के PNB खाता सख्यां 2582001500003611 से सदिंग्ध के खाता में 5,000/-रु UPI के माध्यम से प्राप्त होना पाये गये है। दौराने तस्दीक दिनांक 29-02-2024 को सदिंग्ध हरीश कुमार नें शिकायतकर्ता रमेश चन्द को फोन करके बतलाया कि वह आज अपने निजी काम से सुन्नी गया हुआ है आप रिश्वत की बकाया राशि 37,000/- रु Sunrise होटल घणाहटी में जाकर छोड़ दो। जिस पर मन निरीक्षक शिकायतकर्ता के साथ तस्दीक हेतू मय स्वतन्त्र गवाह श्री राकेश कुमार व आरक्षी सुशील कुमार के Sunrise होटल घणाहटी का रवाना हुआ था। जहां पर शिकायतकर्ता नें सदिंग्ध को फोन करके पुछा की आप कहां है तो सदिंग्ध ने बतलाया कि वह इस समय सकरोड़ी सुन्नी में है तथा उसकी बात Sunrise होटल के मालिक शर्मा से बात करवाओ जिस पर शिकायतकर्ता ने अपने मोबाईल फोन से Sunrise होटल के मालिक शर्मा से संदिग्ध हरीश शर्मा की बात करवाई जिस पर संदिग्ध ने Sunrise होटल के मालिक शर्मा को कहा कि आप रमेश कुमार से 37,000/- रू0 बकाया लेकर अपने पास रख लो तथा 13000/- रू0 मैं इससे ले चुका हूँ जिस पर शिकायतकर्ता ने कुछ समय पश्चात दोबारा से संदिग्ध हरीश कुमार से मोबाईल फोन द्वारा बात की तथा कहा कि ATM से पैसे नहीं निकल रहे है क्योंकि सर्वर डाऊन है जिस पर संदिग्ध हरीश कुमार ने शर्मा को कहा कि इसकी गाड़ी की चाबी अपने पास रख लो जिस पर Sunrise होटल के मालिक शर्मा ने संदिग्ध हरीश कुमार को कहा कि गाड़ी की चाबी क्यों रखनी है यह मेरा जानने वाला है तथा आईन्दा कल आपके पैसे दे देगा क्योंकि आज ATM से पैसे नहीं निकल रहे है। आज दिनांक 1-03-2024 को शिकायतकर्ता को उसके जानने वाले से हिदायत हुई थी कि सदिंग्ध हरीश कुमार आपसे बात करना चाहता है। जिस पर शिकायतकर्ता नें सदिंग्ध के मोबाईल फोन पर संपर्क करके बातचीत की जिस पर सदिंग्ध ने कहा कि आप आज दोपहर करीब 1 बजे 16 मील के पास आ जाना बतलाया है। तस्दीक पर पाया कि सदिंग्ध हरीष कुमार शर्मा कानूनगो सर्कल धामी में बतौर कानूनगो कार्यरत है। संदिग्ध हरीश कुमार की सरसरी तौर पर तस्दीक करने पर उसका आचरण संदेहजनक पाया जा रहा है तथा संदिग्ध द्वारा शिकायतकर्ता को रिश्वत की राशी मुबलिग 37,000/- रू0 मुकाम 16 मील (धामी) में आकर देने बारे कहा है। शिकायतकर्ता व संदिग्ध के बीच कोई आपसी रंजिश नहीं है। तस्दीक पर संदिग्ध हरीश कुमार द्वारा शिकायत कर्ता के पुत्र अमित शर्मा के खाता से दिनांक 28-02-2024 को 5,000/-रु UPI के माध्यम से प्राप्त करना पाये जा रहे है । जो अब तक की प्रारम्भिक तस्दीक व सत्यापन हालात, तथा शिकायत कर्ता व सदिंग्ध के बीच हुई वार्तालाप की Audio/Video Recording, तथा सरसरी बैंक रिकॉर्ड से आरोपी के विरुध शिकायत पत्र में लगाए गए रिश्वत की मांग सम्बन्धी आरोपों की पुष्टि होना पाया गया है। शिकायत पत्र की प्रारम्भिक सत्यापन के आधार पर संदिग्ध अधिकारी हरीष कुमार शर्मा ( कानूनगो) कानूनगो सर्कल धामी जिला शिमला द्वारा एक लोक सेवक होने के नाते यह कृत्य निम्न धारा 7 PC (Amendment) Act, 2018 के अंतर्गत आना पाया जा रहा है। अतः संदिग्ध हरीष कुमार शर्मा, (कनूनगो) उप तहसील धामी, जिला शिमला के विरुद्ध अभियोग जेर धारा 7 PC (Amendment) Act, 2018 में दर्ज करने की संस्तुती की जाती है। अतः प्रारम्भिक तस्दीक रिपोर्ट, असल शिकायतपत्र व Voice Recorder मय 16 GB मैमोरी कार्ड मार्का (ADATA) के आगामी कार्यवाही व दिशा-निर्देश हेतु महोदय की सेवा में प्रेषित है। Action Taken:-From the above preliminary enquiry report a criminal case u/s- 7 of PC (Amendment) Act, 2018 is made out and FIR has been registered against Sh. Harish Kumar Sharma Kanungo (Kanungo Circel Dhami). Copies of FIR are being sent to Ld.Court and seniors officers of SV&ACB HP, Shimla-2. Inspector Karam Chand I/O PS, SV&ACB, Shimla is appointed as TLO (Trap Laying Officer) and is directed to lay a trap.

**13. Action taken Since the above information reveals commission of offence(s) u/s as mentioned at Item No. 2.**
**(**की गयी कार्यवाही: चूंकि उपरोक्त जानकारी से पता चलता है कि अपराध करने का तरीका मद सं.**2.**में उल्लेख धारा के तहत है |**):**

**(1)Registered the case and took up the investigation (**प्रकरण दर्ज किया गया और जांच के लिए लिया गया**):**

**or (**या**)**

**(2)Directed (Name of I.O.):(**जांच अधिकारी का नाम **):**Karam Chand **Rank (**पद**):** INSP. (Inspector)
**No(**सं.**):** NA **to take up the Investigation (**को जांच आपने पास में लेने के लिए निर्देश दिया गया **) or**

**(3)Refused investigation due to(**जांच के लिए**):**
**or (**के कारण इंकार किया या**)**

**(4)Transferred to P.S.(**थाना**):** **District(**ज़िला**):**
**on point of jurisdiction (**को क्षेत्राधिकार के कारण हस्तांतरित**)**

**F.I.R.read over to the complainant/informant,admitted to be correctly recorded and a copy given to the complainant/informant free of cost. (**शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता को प्राथमिकी पढ़ कर सुनाई गयी**,** सही दर्ज हुई माना और एक कॉपी निशुल्क शिकायतकर्ता को दी गयी |**)**

**R.O.A.C.(**आर.ओ.ए.सी.**)**

**14. Signature/Thumb impression of the complainant / informant.**
**(**शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता के हस्ताक्षर / अंगूठे का निशान**):**

Signature/हस्ताक्षर

**Signature of Officer in charge, Police Station**
**(**थाना प्रभारी के हस्ताक्षर**)**

**Name(**नाम**):** Sushil Kumar Sharma
**Rank (**पद**):** Addl. SP (Additional Superintendant
**No(**सं.**):** 32636

**15. Date and time of dispatch to the court**
**(**अदालत में प्रेषण की दिनांक और समय**):**

**Attachment to item 7 of First Information Report** (प्रथम सूचना रिपोर्ट के मद **7** संलग्नक)**:**

**Physical features, deformities and other details of the suspect/accused:(If known/seen )**
**(**संदिग्ध / अभियुक्त की शारीरिक विशेषताएँ, विकृतियाँ और अन्य विवरण **:(**यदि ज्ञात / देखा गया**))**

| **S.No.**(क्र.सं.) | **Sex** (लिंग) | **Date/Year of Birth** | **Build** (बनावट) | **Height(cms.)** (कद(से.मी)) | **Complexion** (रंग ) | **Identification Mark(s)** (पहचान चिन्ह) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **1** | **2** | **3** | **4** | **5** | **6** | **7** |
| 1 | Male | 1979 | | | | |

| **Deformities/ Peculiarities** (विकृतियाँ/ विशिष्टताएँ) | **Teeth** (दाँत) | **Hair** (बाल) | **Eyes** (आँखें) | **Habit(s)** (आदतें) | **Dress Habit(s)** (पहनावा) |
|---|---|---|---|---|---|
| **8** | **9** | **10** | **11** | **12** | **13** |
| | | | | | |

| **Place Of**(का स्थान) | | | | | **Others** (अन्य) |
|---|---|---|---|---|---|
| **Burn Mark** (जले हुए का निशान) | **Leucoderma** (धवल रोग ) | **Mole** (मस्सा) | **Scar** (घाव) | **Tattoo** (गूदे हुए का) | |
| **15** | **16** | **17** | **18** | **19** | **20** |
| | | | | | |

**These fields will be entered only if complainant/informant gives any one or more particulars about the suspect/accused.**
**(**यह क्षेत्र तभी दर्ज किए जाएंगे यदि शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता संदिग्ध / अभियुक्त के बारे में कोई एक या उससे अधिक जानकारी देता है **|)**